# चेतावनी

### हैल्थ कनाडा उपभोक्ताओं को कुछ आयुर्वेदिक औषधीय उत्पादों का प्रयोग न करने की चेतावनी देती है

जुलाई **15, 2005**
तुरन्त प्रकाशन हेतु

ओटावा - हैल्थ कनाडा उपभोक्ताओं को कुछ आयुर्वेदिक औषधीय उत्पादों का प्रयोग न करने की चेतावनी देती है क्योंकि इनमें सीसा, पारा और/अथवा संखिया जैसी भारी धातुओं के उच्च स्तर शामिल हैं तथा इन उत्पादों को बाज़ार से हटाने और कनाडा में भावी आयातों को रोकने के लिए कदम उठा रही है।

आयुर्वेदिक औषधीय उत्पाद पारंपरिक भारतीय उपचार में प्रयोग होते हैं और प्रायः भारत से आयात किए जाते हैं। आयुर्वेदिक औषधी के सिद्धांतों के अनुसार, भारी धातुओं का उनके प्रतिष्ठित चिकित्सीय लक्षणों के कारण प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि, अनुचित निर्माण प्रक्रियाओं के कारणवश अंतिम उत्पाद में भारी धातुओं के खतरनाक उच्च स्तर हो सकते हैं।

भारी धातुओं के कारण एक विशिष्ट खतरा हो सकता है क्योंकि वे मुख्य अंगों में जमा हो सकते हैं। भारी धातुओं की विषाक्तता के विषैले प्रभावों के प्रति बच्चे अत्याधिक संवेदनशील होते हैं। उदाहरण के तौर पर, संखिया की विषाक्तता से मिचली, पेटदर्द, उलटी, माँसपेशियों में कसाव, दिल की बीमारी, जिगर की क्षति, अरक्तता और परिष्कृत प्रेरक नाड़ी क्रिया हो सकती है। सीसे की विषाक्तता से वज़न घटना, अनिद्रा, चक्कर आना, दिमाग में सूजन और लकवा हो सकता है। पारे की विषाक्तता से कँपकँपी, अनिद्रा, स्मृति की क्षति, धीमी संवेदनशीलता और प्रेरक नाड़ी क्रिया, और परिष्कृत मानसिक क्रिया हो सकती है।

निम्न अब तक कनाडियाई बाज़ार में मिलने वाले उन अस्वीकृत आयुर्वेदिक औषधीय उत्पादों की सूची है, जिनका हैल्थ कनाडा द्वारा विश्लेषण किया गया है और उनमें सीसा, पारा और/अथवा संखिया के उच्च स्तर पाए गए हैं :

केरल गोलियाँ, श्रीजी हर्बल प्रोडक्ट्स, भारत द्वारा निर्मित
केरल कैप्सूल, हिमालय ड्रग कम्पनी, भारत द्वारा निर्मित
केरल कैप्सूल, चरन्तिया, यू.के. द्वारा निर्मित (विशेषतः समूह # 12011)
महा सुदर्शन चूर्ण पाउडर, झण्डु फार्मास्युटिकल्स, मुम्बई, भारत द्वारा निर्मित
महा सुदर्शन चूर्ण पाउडर, डी एण्ड के फार्मेसी, भावनगर, भारत द्वारा निर्मित
महा सुदर्शन चूर्ण पाउडर, छत्रिशा, लालपुर, भारत द्वारा निर्मित
महा सुदर्शन चूर्ण पाउडर, डाबर इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली, भारत द्वारा निर्मित
साफ़ी द्रव्य, हमदर्द-वक्फ़-पाकिस्तान द्वारा निर्मित
साफ़ी द्रव्य, हमदर्द-वक्फ़-भारत द्वारा निर्मित
योगराज गगूल गोलियाँ, झण्डु फार्मास्युटिकल्स, मुम्बई, भारत द्वारा निर्मित
सुदर्शन गोलियाँ, झण्डु फार्मास्युटिकल्स, मुम्बई, भारत द्वारा निर्मित
शिलाजीत कैप्सूल, डाबर इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली, भारत द्वारा निर्मित

सावधानी के तौर पर, हैल्थ कनाडा कनाडियाई लोगों को कोई अन्य केरली, साफ़ी, महा सुदर्शन चूर्ण, योगराज गगूल, सुदर्शन या शिलाजीत उत्पाद तब तक प्रयोग न करने की सलाह देती है जब तक वे बाज़ार की आवश्यक स्वीकृति प्राप्त नहीं करते।

हैल्थ कनाडा इन उत्पादों को बाज़ार से हटाने के लिए इनके आयातकों और वितरकों के साथ काम करेगी।

कनाडियाई लोगों को केवल हैल्थ कनाडा द्वारा बिक्री के लिए अधिकृत किए गए आयुर्वेदिक औषधीय उत्पादों का प्रयोग करना चाहिए। अधिकृत प्राकृतिक स्वास्थ्य उत्पादों पर आठ-अंकों का एक दवा पहचान नंबर (डी.आई.एन.), एक प्राकृतिक उत्पाद नंबर (एन.पी.एन.) या एक होम्योपैथिक दवा नंबर (डी.आई.एन.-एच.एम.) दिया गया होगा। यह स्वीकृति यह दर्शाती है कि हैल्थ कनाडा द्वारा सुरक्षा, प्रभावशीलता तथा गुणवत्ता के लिए उत्पाद का मूल्यांकन किया गया है।

...2

इनमें से किसी उत्पाद का प्रयोग करने वाले और अपने स्वास्थ्य के प्रति चिन्तित उपभोक्ता सलाह के लिए किसी स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता से सम्पर्क करें। इस उत्पाद को रखने वाले उपभोक्ताओं को इन उत्पादों के सुरक्षित निपटान के संबंध में अपने नगर प्रशासन से सम्पर्क करने से पहले इस उत्पाद को नष्ट न करने की सलाह दी जाती है। सीसा, पारा या संखिया संबंधी विषाक्तता के बारे में अधिक जानकारी के लिए निकटतम विष नियंत्रण केन्द्र से सम्पर्क करें।

यह चेतावनी हैल्थ कनाडा के मार्च 3, 2005 को हैल्थ कनाडा द्वारा जरनल ऑफ दि अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जे.ए.एम.ए.) के एक अध्ययन के पुर्नावलोकन के बाद जारी किए गए उस सुझावपत्र का पालन करती है जिसमें बोस्टन क्षेत्र में बिकने वाले 14 व्यावसायिक रूप से उपलब्ध उत्पादों में सीसा, पारा और/अथवा संखिया के संभावित रूप से हानिकारक स्तर पाए गए।

जनता को प्रोत्साहित किया जाता है कि यदि वे ऊपर दिए गए आयुर्वेदिक औषधीय उत्पादों को बिक्री के लिए देखें, या यदि इस सुझावपत्र के बारे में उनके कोई प्रश्न हों तो स्वास्थ्य उत्पाद एवं खाद्य शाखा निरीक्षक वर्ग के निःशुल्क नंबर (1-800-267-9675) पर सम्पर्क कर हैल्थ कनाडा को सूचित करें।

किसी संदेहजनक विपरीत प्रतिक्रिया की जानकारी देने हेतु, कृप्या हैल्थ कनाडा के कनाडियाई विपरीत दवा प्रतिक्रिया अवलोकन कार्यक्रम (सी.ए.डी.आर.एम.पी.) से सम्पर्क करें :

CADRMP
Marketed Health Products Directorate
Health Protection Building, Tunney's Pasture, AL 0701C
Ottawa, Ontario
K1A 0K9

ईमेल : cadrmp@hc-sc.gc.ca

या हमारी वेबसाइट देखें :
http://www.hc-sc.gc.ca/hpfb-dgpsa/tpd-dpt/index_adverse_e.html

स्वास्थ्य कार्यकर्ता और उपभोक्ता हैल्थ कनाडा को विपरीत प्रतिक्रिया की जानकारी निम्न पर निःशुल्क प्रदान कर सकते हैं :
टेली. : 866 234-2345
फैक्स : 866 678-6789

आपकी कॉल उचित क्षेत्रीय केन्द्र को दे दी जाएगी।

उत्पादों के चित्र देखने के लिए, कृप्या http://www. hc-sc.gc.ca/ पर हैल्थ कनाडा की वेबसाइट पर जाएं।

-30-

*Also available in English and French*

मीडिया पूछताछ :
क्रिस्टोफर विलियम्स
हैल्थ कनाडा(613) 946-4250

सार्वजनिक पूछताछ :
(613) 957-2991

इन्टरनेट पर हैल्थ कनाडा की समाचार उद्घोषणाएं **http://media.health-canada.net** पर उपलब्ध हैं